## प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (प्रथम सत्र) 2026-27

## विषय: हिंदी

## कक्षा: छठी

**समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश :**

1. **इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं- खंड 'क' ,'ख' ,'ग' तथा 'घ'**
2. **सभी खंड अनिवार्य हैं।**
3. **प्रश्नों के सभी उप-भागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए |**
4. **उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न पत्र में दी गई है |**

### खंड - क (अपठित बोध)

1. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प के रूप में छाँटकर लिखिए - (1×5=5)

आत्मनिर्भरता का अर्थ है–अपने पैरों पर खड़ा होना और अपने काम स्वयं करना। जो व्यक्ति दूसरों के भरोसे रहता है, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाता। एक विद्यार्थी के लिए आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है। अपना बस्ता खुद लगाना, अपने कपड़े व्यवस्थित रखना और समय पर अपना गृहकार्य पूरा करना, ये सभी आत्मनिर्भरता के शुरुआती कदम हैं। जब हम अपना काम खुद करते हैं, तो हमारे भीतर आत्मविश्वास बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि जितने भी महान लोग हुए हैं, वे सभी आत्मनिर्भर थे। महात्मा गाँधी जी भी अपना काम अपने हाथों से करने में गर्व महसूस करते थे। आत्मनिर्भर बनने से हम न केवल खुद को मजबूत बनाते हैं, बल्कि अपने माता-पिता और समाज की भी मदद करते हैं। यह एक ऐसा गुण है जो हमें जीवन की हर मुश्किल परिस्थिति का सामना करना सिखाता है। इसलिए, हमें बचपन से ही आत्मनिर्भर बनने का अभ्यास करना चाहिए।

(i) 'आत्मनिर्भरता' का सही अर्थ क्या है?

(A) दूसरों से मदद माँगना (B) अपने काम स्वयं करना

(C) हमेशा चुपचाप रहना (D) केवल पढ़ाई करना

(ii) अपना काम खुद करने से हमारे भीतर क्या बढ़ता है?

(A) आलस (B) गुस्सा

(C) आत्मविश्वास (D) डर

(iii) कौन-से महापुरुष अपना काम अपने हाथों से करने में गर्व महसूस करते थे?

(A) सुभाष चंद्र बोस (B) महात्मा गाँधी

(C) जवाहरलाल नेहरू (D) भगत सिंह

(iv) एक विद्यार्थी के लिए आत्मनिर्भरता के शुरुआती कदम क्या हैं?
(उत्तर एक वाक्य में दीजिए)

(v) जो व्यक्ति हमेशा दूसरों के भरोसे रहता है, उसके साथ क्या होता है?
(उत्तर एक वाक्य में दीजिए)

2. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प के रूप में छाँटकर लिखिए - (1×5=5)

आज का युग विज्ञान का युग है, और मोबाइल फोन विज्ञान का एक ऐसा अनोखा उपहार है जिसने पूरी दुनिया को समेटकर हमारे हाथों में ला दिया है। कुछ लोग मानते हैं कि मोबाइल बच्चों की पढ़ाई में बाधा डालता है, लेकिन यह पूरी तरह सच नहीं है। असल में, मोबाइल का प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि हम उसका उपयोग किस तरह करते हैं। यदि हम इसका सही और सीमित इस्तेमाल करें, तो यह विद्यार्थियों के लिए एक बेहतरीन शिक्षक साबित हो सकता है। मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षा पाना बेहद आसान हो गया है। छात्र घर बैठे ही कठिन विषयों के वीडियो देखकर अपनी शंकाओं को दूर कर सकते हैं। इसके अलावा, मोबाइल में मौजूद ई-बुक्स और शैक्षणिक ऐप्स की मदद से नई भाषाएँ, सामान्य ज्ञान, संगीत और चित्रकारी सीखी जा सकती है। जरूरत पड़ने पर इसके जरिए देश-विदेश के महान वैज्ञानिकों, महापुरुषों और दुनिया के भूगोल के बारे में भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। हालांकि, हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि हर तकनीक के दो पहलू होते हैं। यदि हम दिनभर मोबाइल पर गेम खेलने, सोशल मीडिया चलाने या कार्टून देखने में समय ही गवाएँगे, तो हमारी आँखें

कमजोर होंगी और हमारी सेहत पर भी बुरा असर पड़ेगा। इसलिए, बुद्धिमान छात्र वही है जो मोबाइल का उपयोग केवल अपनी पढ़ाई और ज्ञान बढ़ाने के लिए करता है। समय की सीमा तय करके किया गया मोबाइल का सदुपयोग हमारे भविष्य को उज्ज्वल बना सकता है।

(i) मोबाइल फोन किसका अनोखा उपहार है?

(A) रुपयों-पैसों का (B) विज्ञान का

(C) इंटरनेट का (D) नए खिलौनों का

(ii) विद्यार्थी मोबाइल में मौजूद ऐप्स और ई-बुक्स की मदद से क्या सीख सकते हैं?

(A) दिनभर केवल फिल्में देखना (B) दूसरों का समय बर्बाद करना

(C) नई भाषाएँ, सामान्य ज्ञान (D) पढ़ाई से बचने के नए तरीके

(iii) गद्यांश में किस तरह के छात्र को 'बुद्धिमान' कहा गया है?

(A) पूरा दिन मोबाइल पर गेम खेलता है।

(B) जो कभी मोबाइल को हाथ भी नहीं लगाता।

(C) जो रात-रात भर जागकर कार्टून देखता है।

(D) जो मोबाइल का उपयोग केवल पढ़ाई और ज्ञान बढ़ाने के लिए करता है।

(iv) मोबाइल के माध्यम से विद्यार्थी पढ़ाई की शंकाओं को कैसे दूर कर सकते हैं?
(उत्तर एक वाक्य में दीजिए)

(v) दिनभर मोबाइल पर गेम खेलने और सोशल मीडिया चलाने का हमारे शरीर का क्या नुकसान होता है ? (उत्तर एक वाक्य में दीजिए)

## <u>खंड- ख व्याकरण</u>

3. (i) 'गुणवान' शब्द का लिंग बदल कर लिखिए । (1)

(ii) 'पहाड़ी' शब्द का बहुवचन रूप लिखिए | (1)

(iii) संयुक्त व्यंजन का प्रयोग करते हुए एक शब्द लिखिए | (1)

4. (i) 'परिवतन' शब्द मे 'र' के उचित रूप का प्रयोग कीजिए | (1)

(ii) 'जिसका मूल्य बहुत अधिक हो' - दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए | (1)

(iii) 'सपादक' शब्द में उचित स्थान पर अनुस्वार चिह्न का प्रयोग कीजिए | (1)

(iv) 'पहुच' शब्द में उचित स्थान पर अनुनासिक चिह्न का प्रयोग कीजिए | (1)

5. (i) 'राधा घर चली गई|' इस वाक्य में किस काल का प्रयोग किया गया है ? (1)

(ii) हम परीक्षा दे रहे हैं|- इस वाक्य को भविष्यत् काल में बदलिए| (1)

(iii) 'अचूक' शब्द का विलोम शब्द लिखिए| (1)

(iv) 'सत्यपाल एक <u>निर्धन</u> बालक था और सोहन_______ बालक|' रेखांकित शब्द के उचित विलोम शब्द द्वारा रिक्त स्थान भरिए | (1)

6. (i) 'वह कुर्सी पर बैठ गया|'- दिए गए वाक्य में से जातिवाचक संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए| (1)

(ii) 'अमीर' शब्द से भाववाचक संज्ञा बनाकर लिखिए | (1)

7. (i) '<u>मैं</u> कल ही शहर से आया हूँ|' वाक्य में रेखांकित सर्वनाम शब्द का भेद बताइए | (1)

(ii) 'यह चाबी _______ है?' उचित सर्वनाम द्वारा रिक्त स्थान पूरा कीजिए | (1)

8. (i) 'रोहित का घर <u>बड़ा</u> है|'- रेखांकित शब्द में विशेषण का भेद लिखिए | (1)

(ii) 'पाँच बच्चों ने गाना गाया|' दिए गए वाक्य में से विशेष्य छाँटकर लिखिए । (1)

9. (i) हम लोग नदी पहाड़ खेलेंगे -दिए गए वाक्य में विराम चिह्नों का प्रयोग कीजिए| (1)

(ii) (!) इस विराम चिह्न का नाम लिखिए | (1)

(iii) किसी ने बस में मेरे पर्स पर ______________ -वाक्य को उचित मुहावरे से पूरा कीजिए| (1)

(iv) 'बाल बाँका न कर सकना' मुहावरे को वाक्य में प्रयोग कीजिए| (1)

10. (i) 'रास्ता' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । (2)

(ii) 'उत्तर' शब्द के दो अनेकार्थी शब्द लिखिए | (2)

## <u>खंड- ग पाठ्यपुस्तक</u>

11. नीचे दिए गए पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प के रूप में छाँटकर लिखिए - (1X5=5)

गोपाल की दादी माँ ने चावल के आटे से फ़र्श पर बहुत सुंदर-सुंदर आकृतियाँ बनाईं| गोपाल ने दादी से पूछा,"दादी यह क्या है?" दादी ने उसे प्यार से बताया कि इसे 'कोलम' कहते हैं| यह 'कोलम' नई फसल के चावल के आटे से बनाया जाता है इसलिए इसका विशेष महत्त्व है| अगले दिन सुबह गोपाल नहा-धोकर, नए कपड़े पहन कर तैयार हो गया| उसने देखा द्वार के ठीक बाहर बहुत बड़ा और बहुत सुंदर 'कोलम' बना था| पोंगल पर विशेष रूप से सूर्य की ही पूजा-अर्चना की जाती है| चूल्हे पर नए बर्तन में 'शर्करइ पोंगल' पकाया जा रहा था| यह 'शर्करइ पोंगल' दूध, गुड़ और चावल से बनाया जाता है| दादी माँ ने उसे बताया कि तमिलनाडु के लोग हल्दी को बड़ा पवित्र मानते हैं|

(i) गद्यांश के अनुसार 'कोलम' महत्त्वपूर्ण क्यों है ?

(A) इसमें सुंदर आकृतियाँ बनाई जाती हैं|
(B) इसे नई फसल के चावल के आटे से बनाया जाता है|
(C) इसे द्वार के ठीक बाहर बनाया जाता है|
(D) इसे सूर्य की पूजा करने से पहले बनाया जाता है|

(ii) गद्यांश के अनुसार पोंगल के अवसर पर दूध, गुड़ और चावल से क्या बनाया जाता है?

(A) रबड़ी (B) खीर
(C) माट्टु पोंगल (D) शर्करइ पोंगल

(iii) पोंगल पर विशेष रूप से किसकी पूजा की जाती है?

(A) सूर्य (B) चंद्रमा
(C) किसान (D) फसल

(iv) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

(A) पोंगल (B) अनोखा वरदान
(C) सुंदरलाल (D) पुरस्कार

(v) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-

तमिलनाडु के लोग__________को बड़ा पवित्र मानते हैं|

(A) गुड़ (B) चावल

(C) हल्दी (D) दूध

12. नीचे दिए गए पठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प के रूप में छाँटकर लिखिए - (1x5=5)

**तरुवर फल नहीं खात है , सरवर पियहि न पान ।**
**कहि रहीम पर काज हित , संपति संचहि सुजान ||**
**रहिमन निज मन की बिथा , मन ही राखो गोय ।**
**सुन अठिलैहें लोग सब , बाँटि न लैंहें कोय ||**

(i) दूसरों की भलाई के कार्यों के लिए सज्जन क्या इकठ्ठा करते हैं?

(A) फल (B) संपत्ति

(C) यादें (D) कपड़े

(ii) प्रस्तुत दोहों के कवि कौन है?

(A) बिहारी (B) तुलसी

(C) कबीर (D) रहीम

(iii) पेड़ अपना_________ खुद नहीं खाता । (उचित शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।)

(A) पत्ता (B) गोंद

(C) तना (D) फल

(iv) दोहे के अनुसार कौन अपना पानी खुद नहीं पीता?

(A) तरुवर (B) सरोवर

(C) सज्जन (D) लोग

(v) कवि ने क्या मन में रखने की बात कही है?

(A) सुख (B) संपत्ति

(C) फल (D) दुःख

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं आठ** प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/एक वाक्य में दीजिए। (1×8=8)

(i) मेहनत करने वाले मनुष्यों के मिलकर कदम बढाने से सागर और पर्वत क्या करते है?

(ii) 'सच्चे बच्चे कितने अच्छे' प्रतियोगिता में सत्यपाल को कौन-सा पुरस्कार मिला?

(iii) मेहनती व्यक्तियों का रास्ता और मंज़िल कौन-सी होती है?

(iv) महिपाल सिंह द्वारा छापे गए समाचार-पत्र में क्या-क्या छपता था?

(v) रहीम ने कैसे व्यक्ति को मरे व्यक्ति के समान बताया है?

(vi) सत्यपाल के घर में कौन-कौन था?

(vii) राजा भेस बदलकर क्यों घूमता था?

(viii) जब भी कंपनी मजदूर वृक्ष काटने लगते तो लोग क्या करते थे?

(ix) रामनगर में कितने विद्यालय थे?

14. निम्नलिखित वाक्य किसने कहे तथा किससे कहे? **(कोई दो)** (1×2=2)

(i) तुम्हारी सच्चाई से मुझे बहुत प्रसन्नता हुई है| (पाठ- पुरस्कार)

(ii) आप बारी-बारी से जो चाहे माँगो| (पाठ- अनोखा वरदान)

(iii) शर्मा जी दाएँ-बाएँ में कोई फ़र्क नहीं होता| (पाठ- चिट्ठी के अक्षर)

15. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों में दीजिए। (2X5=10)

(i) महिपाल सिंह ने अपना दायाँ हाथ कैसे खो दिया?

(ii) सत्यपाल चंचल के बताए उपाय को मान लेता तो क्या होता?

(iii) छठे नौजवान ने राजा के सामने अपनी कौन-सी अनोखी इच्छा रखी?

(iv) सुन्दरलाल की आत्मग्लानि का क्या कारण था?

(v) 'माट्टु पोंगल' के दिन क्या होता है?

(vi) तीसरे नवयुवक ने राजा से क्या माँगा?

## <u>खंड - घ रचनात्मक लेखन</u>

16. निम्नलिखित विषयों में से **<u>किसी एक</u>** विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (5)

**(i) हमारे पेड़-पौधे और हरियाली**

**संकेत बिंदु**

- पेड़-पौधों के लाभ (फल, छाया, हवा)
- पेड़ों को काटने से नुकसान
- नए पौधे लगाने का संकल्प

**<u>अथवा</u>**

(ii) **स्वतंत्रता दिवस**

**संकेत बिंदु**

- भूमिका
- इतिहास - कब ,क्यों ,कैसे मनाया जाता है
- देशभक्ति की भावना

**<u>अथवा</u>**

**(iii) यदि मेरे पास 'समय' रोकने वाली घड़ी होती**

**संकेत बिंदु**

- छूटे हुए काम या अधूरी पढ़ाई पूरी करना
- किसी को मुसीबत से बचाना या मदद करना
- समय के महत्व को समझना

17. निम्नलिखित विषयों में से **<u>किसी एक</u>** विषय पर पत्र लिखिए- (5)

आपकी छोटी बहन केवल पढ़ाई में लगी रहती है और बिल्कुल भी खेलकूद नहीं करती। उसे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का महत्व समझाते हुए एक पत्र लिखिए।

**<u>अथवा</u>**

आपके मित्र को स्कूल में सबसे सुंदर लिखावट के लिए पुरस्कार मिला है। उसे बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए।

18. निम्नलिखित विषयों में से **<u>किसी एक</u>** विषय पर विज्ञापन तैयार कीजिए - (5)

गर्मियों के मौसम में पानी को बिल्कुल ठंडा रखने वाली 'कूल-कूल पानी की बोतल' के लिए एक सुंदर और आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**<u>अथवा</u>**

अपने स्कूल और आसपास की जगह को साफ़ रखने के लिए 'स्वच्छ भारत अभियान' पर एक सुंदर विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रस्तुति :

सपना डोभाल
सुकृति आनंद नंदा
हंसराज मॉडल स्कूल
पंजाबी बाग, नई दिल्ली